प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. महाकुंभ में कल मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के लिये तैयारियां पूरी : 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद, 50 हज़ार से अधिक सुरक्षाकर्मियों समेत वॉटर ड्रोन से होगी निगरानी।
2. प्रदेश सरकार ने महाकुंभ पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए जारी की एडवायज़री : संगम स्नान के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाने के दिए निर्देश।
3. केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने आज लखनऊ में सीएसआईआर–आईआईटीआर के हीरक जयंती समारोह का किया उद्‌घाटन : कहा– अनुसंधान और नीतिनिर्माण में वैज्ञानिक निभा रहे हैं अहम भूमिका।

और

4. बागपत में धार्मिक आयोजन के दौरान मंच गिरने से मची भगदड़ : सात श्रद्धालुओं की मौत, 45 घायल : जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रियल जांच के दिये आदेश।

———————

महाकुंभ में कल मौनी अमावस्या पर दूसरा अमृत स्नान सम्पन्न होगा। इस अवसर पर संगम स्नान के लिए देश विदेश से लाखों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। अब तक लगभग 14 करोड़ 76 लाख श्रद्धालु संगम में आस्था की

**डुबकी लगा चुके हैं। आज शाम 6 बजे तक चार करोड़ 64 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाई। वहीं कल होने वाले अमृत स्नान के दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। सबसे पहल सुबह 5 बजे श्री पंचायत अखाड़ा महानिर्वाणी संगम पर स्नान करेग। प्रदेश सरकार कल सुबह श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा करायेगी। पेश है एक रिपोर्ट......**

*मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने कल होने वाले अमृत स्नान के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को कल ही नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया था। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर मॉनिटरिंग कर रहा है। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष दल सक्रियता से काम कर रहा है। सुरक्षा को लेकर मेला क्षेत्र के सभी 30 पांटून पुलों पर आज से ही आवागमन बन्द कर दिया गया है। सभी पार्किंग क्षेत्रों को सक्रिय कर दिया गया है। 2000 से अधिक नए साइनेज लगाए गए हैं ताकि लोग सही दिशा में आसानी से जा सकें। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं आधिकारिक चैटबॉट डाउनलोड करने की अपील की गई है। यह चैटबॉट श्रद्धालुओं को हर तरह की जानकारी देगा, इसके साथ ही गूगल नेविगेशन और पुलिसकर्मी भी श्रद्धालुओं को सही राह दिखाएंगे। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

————————

**मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने का अनुमान है। ऐसे में सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। मेला क्षेत्र और उसके आसपास 50 हज़ार से अधिक पुलिस कर्मी और अर्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। साथ ही पूरे इलाके में लगभग 3 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जिनमें कई एआई सक्षम**

कैमरे भी शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक पीएसी प्रयागराज के प्रभारी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पानी के अंदर की गतिविधियों पर निगरानी के लिए पानी के नीचे भी ड्रोन लगाए गए हैं। बाइट.....

*सुरक्षा की पूरी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं पीएसी बल को बहुत सारे साधन संसाधन उत्तर प्रदेश सरकार से बने योगी जी के निर्देश के क्रम में प्राप्त हुए हैं जिसमें की पहली बार हम लोग अगर बात करते हैं तो अंडरवाटर ड्रोन हम लोग प्रयोग कर रहे हैं जो कि जल के नीचे होने वाली गतिविधियों पर लगातार नजर रखता हैं साथ ही साथ सोलर सिस्टम है साउंड नेविगेशन और रेडियन सिस्टम ये भी जल में होने वाली गतिविधियों पर निगाह रखता है साथ ही साथ कोई व्यक्ति हो कोई वस्तु हो ये दोनों जो उपकरण है वह लोकेट करने में मदद करते हैं।*

मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने प्रयागराज के कक्षा–1 से 8 तक के सभी स्कूलों में आज से 30 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। इलाहाबाद हाइकोर्ट भी 30 जनवरी तक बंद रहेगा।

———————

प्रदेश सरकार की ओर से संगम स्नान के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए एडवायज़री जारी की गई है। श्रद्धालुओं से गंगा स्नान के दौरान अपनी ही लेन में बने रहने और स्नान, दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर अपने नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में ही जाने की सलाह भी दी गई है। मेले में या सोशल मीडिया पर फैलाई

गई किसी तरह की अफवाहों से बचने और मंदिरों में दर्शन क लिए जल्दबाज़ी न करने की भी सलाह दी गई है।

—————————

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव आज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने के लिए संगम नगरी पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि 144 वर्ष बाद विशेष योग में हो रहे महाकुंभ में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। बाइट......

*यह धरती तो हमेशा और हर दिन एक पवित्र धरती है लेकिन आज का जो योग है ये जो महा कुंभ मेला यहां पर हो रहा है तो 144 साल बाद यहां पर होने जा रहा है और बहुत सारे हमारे जैसे जो लोग हैं क्या हमारे नसीब में यह मेला में जाकर गंगा स्नान करने का यहां पर मौका मिल रहा है तो बहुत उत्साह दिल में है और निश्चित रूप में आनंद हमको यहां पर मिल रहा है।*

—————————

उधर, महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालु बड़ी संख्या में अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। राम मंदिर में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने अयोध्या के आसपास के ज़िलों से आने वाले श्रद्धालुओं से 15 से 20 दिन बाद आने का आग्रह किया है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री

ने कहा कि यूपी एग्रीज परियोजना प्रदेश के एक्सपोर्ट की संभावनाओं को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगो। बाइट......

*4000 करोड रुपए की जो प्रोजेक्ट है इसमें से 2737 करोड़ का जो लोन है विश्व बैंक द्वारा और 1166 करोड़ का जो अंशदान है यह राज्य सरकार द्वारा इसमें देने की व्यवस्था की गई है जो यूके एंट्री का जो प्रोजेक्ट का जो मुख्य उद्देश्य है कृषि और जो उससे संबंधित सेक्टर है उनकी कठिनाइयों को चिन्हित करना और मुख्य फसलों की उत्पादकता में एक गुणात्मक वृद्धि हो इस दिशा में एक प्रयास करना प्रदेश के अंदर जो विशिष्ट कृषि उत्पादों के होस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट और मार्केट सपोर्ट सिस्टम को विकसित करने की कार्रवाई को आगे बढ़ना और जिसे हम अपने अन्नदाता किसानों की आई में वृद्धि कर सकें।*

इस परियोजना के पहल चरण में प्रदेश के 28 जनपद चुने गये हैं। यह प्रोजेक्ट 6 वर्ष का होगा।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

केंद्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने आज लखनऊ में सीएसआईआर–आईआईटीआर के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस संस्थान ने ओडिशा सुपर साइक्लोन, गुजरात भूकंप के अलावा जम्मू–कश्मीर में रहस्यमय मौतों का कारण पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री सिंह ने कहा कि यह संस्थान अपने नवीन अनुसंधान और नीतिनिर्माण के माध्यम से देश की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बाइट......

*इंस्टिट्यूट है जिसने इतनी श्रेष्ठ हासिल की है न केवल टॉक्सिंस की स्टडी उनका अध्ययन उसका शोध किया जाता है बल्कि समय पर जब कोई इस प्रकार की आपदा का संकट देश को सामना करना पड़ता है तभी किसने नागरिकों के लिए समाज के लिए सहयोग करने का काम किया है और यह मकान हासिल करने के लिए यहां के सभी के सभी वैज्ञानिक विशेषज्ञ में कड़ी मेहनत परिश्रम और निरंत के साथ जैसे मेहनत की है पिछले 50–60 बरस वो अपने में उदाहरणीय है आज इसका इंडस्ट्री टेक्नोलॉज भी है आज यह से स्टार्टअप भी निकल रहे है और आज भी बहुत सारी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की भी घोषणा की है।*

————————

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार तेज़ हो गया है। आज भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मिल्कीपुर के चिखडो गांव में भाजपा प्रत्याशी चंद्र भानु पासवान के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र

यादव ने खिहारन गांव में सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में जनसभा की। इस विधानसभा सीट पर 5 फरवरी को मतदान होना है।

—————————

बागपत में आज जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के 'निर्वाण लाडू' पर्व पर अस्थायी मंच गिरने से मची भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गई और 8 पुलिसकर्मियों समेत 45 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए मंच पर चढ़ रहे थे। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जांच समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। वहीं आयोजन के लिए मंच तैयार करने वाले ठकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

—————————

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तराई के आसपास वाले क्षेत्रों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 1 और 2 फरवरी को प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बारिश का अनुमान जताया है। वहीं कुशीनगर में कक्षा 1 से

**9 तक के सभी स्कूलों में 29 और 30 जनवरी को अवकाश घोषित कर दिया है।**

(समाप्त)